## मार्च 2016

- टीएलडीपी – IV जलविद्युत परियोजना की दूसरी इकाई का 31 मार्च 2016 को 00:00 बजे से कमर्शियल प्रचालन शुरू कर दिया गया है। इस इकाई की सफलतापूर्वक कमीशनिंग आप सभी की कड़ी मेहनत और समर्पण का एक शानदार उदाहरण है।
- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी, ने श्री वाई.एस. चौधरी, माननीय राज्य मंत्री, विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार व भारत एवं भूटान में स्विट्जरलैंड के राजदूत महामहिम डॉ लाइनस वॉन कैस्लेमर की उपस्थिति में 16 मार्च 2016 को नई दिल्ली में एसोचैम द्वारा आयोजित 5वें सस्टेनेबल एनवार्यमेंट फोरम - 2016 के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया।
- एनएचपीसी ने भारत सरकार को वित्त वर्ष 2015-16 के लिए 875.49 करोड़ रुपए के अन्तरिम लाभांश का भुगतान किया गया है । लाभांश पेआउट 18 मार्च 2016 को श्री पीयूष गोयल, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) विद्युत, कोयला, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा, भारत सरकार को प्रदान किया गया।
- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, ने 22 मार्च 2016 को शिमला में हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री वीरभद्र सिंह के साथ मुलाकात की और उन्हें पार्बती–II जलविद्युत परियोजना (800 मेगावाट) की प्रगति तथा प्रदेश में एनएचपीसी द्वारा संचालित पावर स्टेशनों के प्रदर्शन से अवगत कराया । अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, ने उनसे राज्य में नई परियोजनाओं के लिए भी अनुरोध किया जिसके लिए उन्होंने सकारात्मक आश्वासन दिया है।
- श्री बलराज जोशी को निदेशक (तकनीकी) के रूप में नियुक्त किया गया है और उन्होंने दिनांक 01 अप्रैल 2016 से पदभार गृहण कर लिया है। उनको नए कार्यभार के निर्वहन हेतु शुभकामनाएं। श्री डी.पी. भार्गव, निदेशक (तकनीकी) 31 मार्च 2016 को सेवानिवृत्त हो गए। एनएचपीसी उन्हें और उनके परिवार को खुशहाल सेवानिवृत्त जीवन हेतु शुभकामनाएं देती है।
- इस वित्त वर्ष के दौरान एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 22000 मिलियन यूनिट के "उत्कृष्ट लक्ष्य' की तुलना में 23679 मिलियन यूनिट रहा जो कि एनएचपीसी का अब तक का सर्वाधिक विद्युत उत्पादन है।
- 14 मार्च से 02 अप्रैल 2016 तक स्वच्छ भारत अभियान मनाया जा रहा है। एनएचपीसी कार्मिकों ने साफ-सफाई को बनाए रखने हेतु औसतन 2 घंटे प्रति सप्ताह की दर से एक वर्ष में 100 घंटे समर्पित करने का संकल्प लिया है ।
- एनएचपीसी महिला टीम ने 20वां अंतर सीपीएसयू बैडमिंटन टूर्नामेंट जीता जबकि एनएचपीसी पुरुष टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- एनएचपीसी द्वारा पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (पीएससीबी) के तत्वावधान में 16 से 18 मार्च 2016 तक एनएचपीसी आवासीय परिसर, फ़रीदाबाद में 21वें अंतर सीपीएसयू शतरंज टूर्नामेंट की मेजबानी की गई। इस टूर्नामेंट में पावर

सेक्टर के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/संस्थानों जैसे कि एनएचपीसी, डीवीसी, पीएफ़सी, नीपको, बीबीएमबी, पीजीसीआईएल, विद्युत मंत्रालय, टीएचडीसी, सीईए तथा आरईसी ने प्रतिभागिता दर्ज की।

## फरवरी 2016

- कि टीएलडीपी-IV (4 x 40 =160 मेगावाट) की यूनिट # 1 की मैकेनिकल स्पिनिंग 28.01.2016 को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। यह आपके प्रयासों के कारण संभव हो पाया है और मैं यह उम्मीद करता हूँ कि इस परियोजना को निर्धारित समयानुसार शुरू करने हेतु सभी संभव प्रयास किए जाएंगे ।
- एनएचपीसी को इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर पब्लिशिंग द्वारा नई दिल्ली में 20.01.2016 को आयोजित 13वें वार्षिक सम्मेलन हाइड्रोपावर इन इंडिया-बेस्ट - बेस्ट्ट प्रैक्टिसेस फ्रोम प्रोजेक्ट इम्प्लिमैनटेशन टू ऑपरेशन एंड मैंटेनेंस के में आमंत्रित किया गया जिसमें अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने अपने मुख्य भाषण में एनएचपीसी की प्रमुख दक्षताओं और उपलब्धियों तथा जलविद्युत परियोजनाओं के कार्यान्वयन में आ रही चुनौतियों पर प्रकाश डाला।
- एनएचपीसी ने विद्युत मंत्रालय व कनाडा उच्चायोग के साथ सेंट्रल बोर्ड ऑफ इरीगेशन एंड पावर (सीबीआईपी) के सहयोग से “बेस्ट प्रैक्टिसेस फॉर सस्टेनबल हाइड्रो डेव्लपमेंट” नामक दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय कार्यशाला का नई दिल्ली में 21 से 22 जनवरी 2016 तक आयोजन किया। इस कार्यशाला में पर्यावरण, सामुदायिक, सामाजिक और आर्थिक मापदण्डों को समान महत्व देते हुए जलविद्युत परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। कार्यशाला में भारत, कनाडा और पड़ोसी देशों के विशेषज्ञों ने भाग लिया एवं अग्रणी सरकारी और निजी संगठनों से भागीदारी हुई।
- एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों ने माह जनवरी 2016 तक 19746 मिलियन यूनिट लक्ष्य के मुक़ाबले 21460 मिलियन यूनिट संचयी विद्युत उत्पादन किया ।

## जनवरी 2016

- एनएचपीसी ने दिनांक 31.12.2015 तक अपने समझौता ज्ञापन में उत्कृष्ट रेटिंग के लिए निर्धारित लक्ष्य 19063 मिलियन यूनिट संचयी उत्पादन से अधिक 20670 मिलियन यूनिट हासिल किया है।
- एनएचपीसी ने दिनांक 30.09.2015 को समाप्त अर्द्धवार्षिक अवधि में पूर्व वर्ष 2014-15 के प्रथम अर्द्धवर्ष में अर्जित किए गए 1300 करोड़ रुपये की तुलना में 50% प्रतिशत वृद्धि के साथ 1948 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है।
- वर्ष 2015 के दौरान एनएचपीसी ने अपनी कुछ परियोजनाओं में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ने अरुणाचल प्रदेश स्थित दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना को पर्यावरणीय मंजूरी प्रदान की। हमने पार्बती-II जल विद्युत परियोजना में टीबीएम द्वारा एचआरटी एक्सक्केशन का कार्य सफलतापूर्वक पुनः प्रारंभ कर दिया है।
- एनएचपीसी ने जुलाई 2015 में पश्चिम बंगाल सरकार और वेस्ट बंगाल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (डबल्यूबीएसईडीसीएल) के साथ 293 मेगावाट कुल क्षमता की चार जल विद्युत परियोजनाएँ विकसित करने के लिए

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करके अपने कारोबार को समृद्ध किया है। एनएचपीसी ने 250 मेगावाट क्षमता की ग्रिड से जुड़ी सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विकास के लिए सोलर एनर्जी कार्पोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

- एनएचपीसी ने 1200 मेगावाट तीस्ता चरण-III जल विद्युत परियोजना के लिए परियोजना निर्माण प्रबंधन हेतु परामर्शी सेवाओं के लिए तीस्ता उर्जा लिमिटेड (टीयूएल) के साथ एक समझौते पर भी हस्ताक्षर किए है।
- एनएचपीसी को वर्ष 2015 में इसके उपलब्धियों के लिए अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। इन पुरस्कारों में विद्युत मंत्रालय द्वारा 'जल विद्युत परियोजनाओं को समय से पहले पूरा करने' की श्रेणी में वर्ष 2013-14 के लिए निम्मो बाज़गो परियोजना की यूनिट-III (15 मेगावाट) को 'गोल्ड शील्ड', विद्युत क्षेत्र में उत्कृष्ट निष्पादन युटिलिटी के लिए सीबीआईपी पुरस्कार और दूसरे इंडिया टुडे ग्रुप पीएसयू अवाड्र्स समारोह में मिनीरत्न श्रेणी में मोस्ट इकोफ्रैंडली अवार्ड और मोस्ट वैल्यूएबल कंपनी अवार्ड प्रमुख हैं।

## दिसम्बर 2015

- एनएचपीसी ने 30.09.2015 को समाप्त छमाही में पिछले वित्त वर्ष के 1300 करोड़ रुपए की तुलना में 1948 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है।
- माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) विद्युत, कोयला, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा श्री पीयूष गोयल ने 2 नवम्बर 2015 को एनएचपीसी के चालीस अधिकारियों को स्वच्छ भारत अभियान में सराहनीय कार्य करने के लिए सम्मानित किया।
- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक और निदेशक (तकनीकी) ने 18.11.2015 को सिक्किम के माननीय मुख्यमंत्री डॉ पवन चामलिंग से मुलाक़ात की राज्य में जलविद्युत के विकास के बारे में आपसी हित के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।
- डॉ सत्यनारायण जटिया, माननीय संसद सदस्य की अध्यक्षता में मानव संसाधन विकास संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने 20.11.2015 को चंडीगढ़ का दौरा किया और एनएचपीसी सहित विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में खेलों को बढ़ावा देने और खेल कर्मियों की भर्ती पर चर्चा की ।
- पार्बती-II जलविद्युत परियोजना ने एचआरटी फेस-IV की 2090 मीटर ओवर्ट कंक्रीट लाइनिंग का कार्य समझौता ज्ञापन में दिए गए लक्ष्य को "उत्कृष्ट" रेटिंग के साथ प्राप्त कर लिया है।
- एनएचपीसी निदेशक मंडल ने तीस्ता लो डैम I और II संयुक्त परियोजना के सर्वेक्षण और अन्वेषण कार्य शुरू करने के लिए मंजूरी दे दी है ।
- एनएचपीसी ने 250 मेगावाट ग्रिड कन्नेक्टेड सोलर पावर परियोजनाओं के विकास के लिए सोलर एनर्जी कार्पोरेशन ऑफ इंडिया (एसइसीआई) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों ने माह नवम्बर 2015 तक 18317 मिलियन यूनिट के उत्कृष्ट लक्ष्य की तुलना में 19707 मिलियन यूनिट संचयी बिजली का उत्पादन किया है।

## नवम्बर 2015

- एनएचपीसी के 41वें स्थापना दिवस पर अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने एनएचपीसी के सभी कार्मिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।
- एनएचपीसी को इसके प्रदर्शन के आधार पर डन एंड ब्रैडस्ट्रीट –एवरेस्ट इन्फ्रा पुरस्कार में विद्युत उत्पादन ( नवीकरणीय ऊर्जा) श्रेणी के अंतर्गत विजेता घोषित किया गया।
- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने निदेशक (तकनीकी) के साथ 6.10.2015 को सुबनसिरी लोअर परियोजना का दौरा किया एवं विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।
- राज्य सभा की सरकारी आश्वासनों संबंधी संसदीय समिति ने एनएचपीसी से संबंधित मामलों पर विचार-विमर्श हेतु 7 अक्तूबर 2015 को ईटानगर में अध्ययन दौरा किया। समिति ने देश में जलविद्युत के विकास में कंपनी द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की।
- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने निदेशक (तकनीकी) के साथ 24 से 25 अक्तूबर 2015 टीएलडीपी – IV परियोजना और सिलीगुड़ी क्षेत्र का दौरा किया और परियोजना के निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया।
- एनएचपीसी ने भारत सरकार को वर्ष 2014-15 के लिए कुल 570.96 करोड़ रुपये लाभांश का भुगतान किया जिसमें फरवरी 2015 में दिये गए 190.32 करोड़ रुपये का अंतरिम लाभांश भी शामिल है। अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने 380.64 करोड़ रुपए का लाभांश भुगतान बैंक एडवाइस 29 अक्तूबर 2015 को श्री पीयषू गोयल, माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र) विद्युत, कोयला, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा , भारत सरकार को विद्युत मंत्रालय एवं एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में प्रदान किया।
- भारत में सूचना का अधिकार अधिनियम के सफल कार्यान्वयन के 10 साल पूरे होने के उपलक्ष्य पर निगम में 5 से 12 अक्टूबर 2015 तक आरटीआई सप्ताह मनाया गया।
- निगम में 26 से 31 अक्तूबर 2015 के बीच सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया, जिसका विषय " निवारक सतर्कता – सुशासन का प्रभावी उपाय" था।
- एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों द्वारा माह अक्तूबर, 2015 तक 17370 मिलियन यूनिट के उत्कृष्ट लक्ष्य की तुलना में 18367 मिलियन यूनिट संचयी बिजली का उत्पादन किया गया है।

## अक्तूबर 2015

- एनएचपीसी गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित नई पुरस्कार योजना 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार' वर्ष 2014-15 के लिए "क" क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक उपक्रमों के बीच सर्वोत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार माननीय राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी द्वारा 14.09.2015 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित समारोह के दौरान प्रदान किया गया।
- पूरे निगम में 1 से 15 सितम्बर 2015 की अवधि को हिंदी पखवाड़े के रूप में मनाया गया।

- कंपनी की 39वीं वार्षिक आम बैठक का आयोजन 23.09.2015 को फ़रीदाबाद में किया गया। इस अवसर पर एनएचपीसी बोर्ड के निदेशकगण एवं विद्युत मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। एनएचपीसी निदेशक मंडल ने इस अवधि के लिए 0.60 रुपए प्रति शेयर का लाभांश देने की सिफ़ारिश की है।
- एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों द्वारा माह सितंबर, 2015 तक 15747 मिलियन यूनिट लक्ष्य के मुक़ाबले 16600 मिलियन यूनिट संचयी बिजली उत्पादन किया है।

## सितंबर 2015

- गृह मंत्रालय, भारत सरकार की एक नई पुरस्कार योजना 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार' के अंतर्गत वर्ष 2014-15 के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन में उत्कृष्ट कार्य हेतु "क" क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों में से एनएचपीसी का प्रथम पुरस्कार के लिए चयन किया गया है। भारत सरकार द्वारा आधिकारिक भाषा के कार्यान्वयन के क्षेत्र में यह सर्वोच्च पुरस्कार है।
- पार्बती-III पावर स्टेशन ने 12.08.2015 को 7.86 मिलियन यूनिट का सर्वाधिक दैनिक विद्युत उत्पादन दर्ज किया ।
- पार्बती - II परियोजना ने 13.08.2015 को 350 टन के रोटर (यूनिट 2) को सफलतापूर्वक पिट में स्थानांतरित कर दिया।
- चुटक पावर स्टेशन की तीनों इकाइयां बहाल कर दी गई हैं । पावर हाउस में पानी के प्रवेश करने के उपरांत पावर स्टेशन पूरी तरह से बंद हो गया था ।
- चमेरा-I पावर स्टेशन ने 1665 एमयू की अपनी वार्षिक डिजाइन ऊर्जा हासिल कर ली है।
- एनएचपीसी पावर स्टेशनों ने अगस्त 2015 में 3181 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया। इस वित्तीय वर्ष में अगस्त 2015 तक 12839 मिलियन यूनिट के "उत्कृष्ट" लक्ष्य के मुक़ाबले कुल 14160 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया गया।

## अगस्त 2015

- एनएचपीसी ने वर्तमान वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में शुद्ध लाभ 767 करोड़ रुपए तथा 1986 करोड़ रुपए का बिक्री कारोबार दर्ज किया है, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह राशि क्रमश: 616 करोड़ रुपए एवं 2034 करोड़ रुपए थी।
- पश्चिम बंगाल सरकार , पश्चिम बंगाल राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (WBSEDCL) और एनएचपीसी के बीच 03.07.2015 को चार जल विद्युत परियोजनाओं के विकास के लिए (तीस्ता लो डैम-V, तीस्ता लो डैम I व II संयुक्त , तीस्ता इंटरमीडियट चरण एवं रामम चरण-I) जिनकी कुल क्षमता 293 मेगावाट है, समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इन परियोजनाओं को बिल्ड, ऑन, ऑपरेट और मेंटेन (बीओओएम) के आधार पर विकसित किया जाएगा।

- एनएचपीसी ने 1474.92 करोड़ रुपए की राशि के 'टी' सीरीज बांड जारी किए जोकि प्राइवेट प्लेसमेंट के माध्यम से 8.50% की कूपन दर पर खोले गए एवं 14.07.2015 को बंद किए गए। यह इश्यू पूर्णतया सब्सक्राइब हुआ।
- रंगित पावर स्टेशन ने निगम की सीएसआर-एसडी योजना के तहत रोथक – सगबरी 11 केवी ट्रांसमिशन लाइन को सिक्किम सरकार के ऊर्जा एवं विद्युत विभाग को 07.07.2015 को सफलतापूर्वक सौंप दिया गया।
- उड़ी-II पावर स्टेशन के सभी 4 यूनिटों ने पुनः विद्युत उत्पादन शुरू कर दिया है।
- एनएचपीसी पावर स्टेशनों ने 25 जुलाई 2015 को 107.27 मिलियन यूनिट का सर्वाधिक दैनिक विद्युत उत्पादन दर्ज किया।
- पार्बती-III पावर स्टेशन ने 26.07.2015 को 7.85 मिलियन यूनिट का सर्वाधिक दैनिक विद्युत उत्पादन दर्ज किया।
- तीस्ता-V पावर स्टेशन ने 30.07.2015 को 12.82 मिलियन यूनिट का सर्वाधिक दैनिक एवं 393 मिलियन यूनिट का उच्चतम मासिक विद्युत उत्पादन दर्ज किया।
- एनएचपीसी पावर स्टेशनों ने जुलाई 2015 में 3149.6 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया। इस वित्तीय वर्ष में जुलाई 2015 तक 10,213 मिलियन यूनिट के “उत्कृष्ट” लक्ष्य के मुक़ाबले कुल 10,979 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया गया।

## जुलाई 2015

- विद्युत मंत्रालय द्वारा विद्युत क्षेत्र में प्रशंसनीय निष्पादन कार्य के लिए व्यापक पुरस्कार योजना के तहत एनएचपीसी को वर्ष 2013-14 के लिए "हाइड्रो पावर परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने" की श्रेणी के अंतर्गत निम्मो बाजगो जल विद्युत परियोजना के यूनिट-3 के लिए "गोल्ड शील्ड"से सम्मानित किया गया है। एनएचडीसी लिमिटेड को भी ओंकारेश्वर पावर स्टेशन के लिए "हाइड्रो पावर स्टेशनों के प्रदर्शन" श्रेणी के अंतर्गत वर्ष 2013-14 लिए रजत शील्ड से सम्मानित किया गया है।
- संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति ने 1 से 2 जून 2015 के बीच सलाल पावर स्टेशन में राजभाषा प्रगति संबंधी कार्यों की समीक्षा की। समिति ने राजभाषा को बढ़ावा देने के दिशा में किए जा रहे प्रयासों को सराहा।
- ऊर्जा पर गठित स्थायी संसदीय समिति ने 6 जून 2015 को तीस्ता-v पावर स्टेशन का अध्ययन दौरा किया। समिति ने जल विद्युत विकास में एनएचपीसी के प्रदर्शन की समीक्षा की और चुनौतीपूर्ण तथा विपरीत परिस्थितियों में जल विद्युत परियोजनाओं को क्रियान्वित करने में कंपनी के प्रयासों की सराहना की।
- अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक,एनएचपीसी निदेशक (तकनीकी) के साथ 7 जून 2015 को तीस्ता लो डैम-III पावर स्टेशन और टीएलडीपी-IV परियोजना का दौरा किया और वहां चल रही विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की।
- श्री आर.एस. मीना, निदेशक (कार्मिक) ने हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री वीरभद्र सिंह से शिमला में 27.06.2015 को मुलाक़ात की और पार्बती-II परियोजना और पार्बती-III पावर स्टेशन से संबंधित आर एंड आर नीति के तहत रोजगार संबंधी मुद्दों पर चर्चा की।

- सुश्री कृष्णा त्यागी, मुख्य लेखा नियंत्रक, विद्युत मंत्रालय को एनएचपीसी लिमिटेड के निदेशक मण्डल में पार्ट- टाइम निदेशक के रूप में 1 जुलाई 2015 से नियुक्त किया गया है।
- वर्ष 2014-15 के लिए कंपनी के वार्षिक परिणामों पर प्रकाश डालने हेतु विश्लेषक और निवेशक सम्मेलन का आयोजन 4 जून 2015 को मुंबई में किया गया। मीडिया व विश्लेषकों के साथ आयोजित बैठक में सूचनाओं का आदान प्रदान कर उनके प्रश्नों का समुचित उत्तर दिया गया।
- एनएचपीसी पावर स्टेशनों ने 2900 मिलियन यूनिट "उत्कृष्ट" लक्ष्य के मुकाबले 2791.2 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन किया । प्रथम तिमाही में कुल बिजली उत्पादन 7134 मिलियन यूनिट "उत्कृष्ट" लक्ष्य के मुकाबले 7829 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन किया।
- धौलीगंगा पावर स्टेशन ने 22.06.2015 को अब तक का सर्वाधिक 7.04 मिलियन यूनिट उच्चतम दैनिक बिजली उत्पादन किया है ।
- उड़ी-II पावर स्टेशन की यूनिट 1 और 4 से पुनः बिजली उत्पादन शुरू हो गया है।

## जून 2015

- एनएचपीसी के निदेशक मण्डल ने वित्तीय वर्ष 2014-15 के वार्षिक लेखों को 29.05.2015 को आयोजित बैठक में स्वीकार कर लिया है। निगम ने वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान 2124.47 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ घोषित किया है, जबकि पिछले वर्ष यह लाभ 978.79 करोड़ रुपए का था । वित्तीय वर्ष 2014-15 में बिक्री कारोबार 6736.64 करोड़ रुपए रहा है, जबकि पिछले वर्ष यह 5335.11 करोड़ रुपए का था । मैं अपने सभी साथियों को इस शानदार निष्पादन के लिए हार्दिक बधाई देता हूं तथा सभी का आह्वान करता हूं कि वे 2015-16 के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए कठिन परिश्रम करें। निदेशक मण्डल ने वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए अंतिम लाभांश के तौर पर 0.60 रुपए प्रति शेयर की सिफ़ारिश की है, इसमें 0.20 रुपए प्रति शेयर का अंतरिम लाभांश भी शामिल है ।
- श्री जयंत कुमार ने दिनांक 26.05.2015 से एनएचपीसी के निदेशक मण्डल में निदेशक (वित्त) का पदभार ग्रहण कर लिया है। श्री कुमार को इस नई ज़िम्मेदारी के लिए हम सब की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं ।
- दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना के लिए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ने पर्यावरणीय मंजूरी प्रदान कर दी है ।
- एनएचपीसी ने मई 2015 में ऊर्जा उत्पादन के संबंध में 2517 मिलियन यूनिट उत्कृष्ट समझौता ज्ञापन लक्ष्य की तुलना में 2791.7 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन किया है।
- चमेरा –II व चमेरा- III पावर स्टेशनों ने सर्वाधिक मासिक बिजली उत्पादन किया है ।
- 8 पावर स्टेशनों - सलाल, चमेरा – I, चमेरा- II व चमेरा- III, टीएलडीपी-III, पार्बती-III, निम्मो बाजगो और चुटक पावर स्टेशनों ने मई माह में सर्वाधिक मासिक बिजली उत्पादन किया है ।
- पार्बती-II परियोजना में यूनिट # 2 के स्टेटर को सफलतापूर्वक जनरेटर बैरल में बैठा दिया गया है ।

## मई 2015

- एनएचपीसी के निदेशक मण्डल ने वित्तीय वर्ष 2014-15 के वार्षिक लेखों को 29.05.2015 को आयोजित बैठक में स्वीकार कर लिया है। निगम ने वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान 2124.47 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ घोषित किया है, जबकि पिछले वर्ष यह लाभ 978.79 करोड़ रुपए का था । वित्तीय वर्ष 2014-15 में बिक्री कारोबार 6736.64 करोड़ रुपए रहा है, जबकि पिछले वर्ष यह 5335.11 करोड़ रुपए का था । निदेशक मण्डल ने वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए अंतिम लाभांश के तौर पर 0.60 रुपए प्रति शेयर की सिफ़ारिश की है, इसमें 0.20 रुपए प्रति शेयर का अंतरिम लाभांश भी शामिल है ।
- श्री जयंत कुमार ने दिनांक 26.05.2015 से एनएचपीसी के निदेशक मण्डल में निदेशक (वित्त) का पदभार ग्रहण कर लिया है।
- दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना के लिए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ने पर्यावरणीय मंजूरी प्रदान कर दी है ।
- एनएचपीसी ने मई 2015 में ऊर्जा उत्पादन के संबंध में 2517 मिलियन यूनिट उत्कृष्ट समझौता ज्ञापन लक्ष्य की तुलना में 2791.7 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन किया है।
- चमेरा –II व चमेरा- III पावर स्टेशनों ने सर्वाधिक मासिक बिजली उत्पादन किया है ।
- 8 पावर स्टेशनों - सलाल, चमेरा – I, चमेरा- II व चमेरा- III, टीएलडीपी-III, पार्बती-III, निम्मो बाजगो और चुटक पावर स्टेशनों ने मई माह में सर्वाधिक मासिक बिजली उत्पादन किया है ।
- पार्बती-II परियोजना में यूनिट # 2 के स्टेटर को सफलतापूर्वक जनरेटर बैरल में बैठा दिया गया है ।

## अप्रैल 2015

- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ने अरुणाचल प्रदेश में दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना (2880 मेगावाट) के निर्माण के लिए 4577.84 हेक्टेयर वन भूमि के हस्तांतरण के लिए सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दे दी है।
- एनएचपीसी ने अप्रैल 2015 में ऊर्जा उत्पादन के संबंध में 1718 मिलियन यूनिट उत्कृष्ट समझौता ज्ञापन लक्ष्य की तुलना में 2246 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन किया है। यह एनएचपीसी पावर स्टेशनों द्वारा हासिल किया गया सर्वाधिक मासिक बिजली उत्पादन है।
- माह के दौरान, 14 पावर स्टेशनों यानी, बैरा स्यूल, सलाल, टनकपुर, चमेरा-I, चमेरा-II, चमेरा-III, उड़ी-I, रंगित, धौलीगंगा, दुलहस्ती, तीस्ता-V, सेवा-II, चुटक और निम्मो बाजगो ने अपने- अपने लक्ष्य की तुलना से अधिक बिजली उत्पादन किया है।
- एनएचपीसी ने मासिक पीएएफ के उत्कृष्ट समझौता ज्ञापन लक्ष्य 83.2% की तुलना में अप्रैल 2015 में 83.8% पीएएफ का लक्ष्य हासिल किया है। 12 पावर स्टेशनों यानी लोकतक, सलाल, टनकपुर, चमेरा-I, चमेरा-II, चमेरा-

III, उड़ी-I, दुलहस्ती, टीएलडीपी-III, सेवा-II, चुटक और निम्मो बाजगो ने अपने-अपने लक्ष्य से अधिक पीएएफ दर्ज किया है।

- चमेरा-III पावर स्टेशन को मैसर्स यूएल डी कियू एस इंक. द्वारा आईएसओ 14001:2004, बीएस ओ एचएसएएस 18001:2007 और आईएसओ 9001:2008 मानकों के सफल कार्यान्वयन के लिए और इन मानकों को बनाए रखने हेतु एकीकृत प्रबंधन प्रणाली से प्रमाणित किया गया है ।
- कौशल और ज्ञान किसी भी देश के आर्थिक विकास और सामाजिक विकास की प्रेरक शक्ति हैं । उच्च और बेहतर स्तर के कौशल वाले देश, दुनिया की चुनौतियों और अवसरों से अधिक प्रभावी ढंग से कार्यान्वित करते हैं । इसे ध्यान में रखते हुए निगम में 10 से 15 अप्रैल 2015 के बीच "कौशल विकास" विषय पर सार्वजनिक क्षेत्र दिवस को उत्साह और जोश के साथ मनाया गया।
- बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के 124 वें जन्म दिवस के अवसर पर 15 अप्रैल 2015 को निगम मुख्यालय पर में पुष्प अर्पित करके समर्पण भाव से श्रद्धांजलि दी गई।